करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, सोमवार, 3 अक्टूबर, 2022 | 16

## जिलेभर में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री

# साबरमती के संत.. गाकर



करौली | महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कलेक्टर।

कार्यालय संवाददाता | करौली

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जिलेभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। करौली में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश मीना ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

महात्मा गांधी की जयंती पर करौली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कैबिनेट मंत्री रमेश चंद मीना ने गांधीजी की प्रतिमा को माला पहनाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मंत्री रमेश मीना ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से महात्मा गांधी के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। स्कूलो बच्चों ने रामधुनी की प्रस्तुति दी, तो चरखे की प्रदर्शनी लगाकर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, एडीएम परसराम मीना, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के उप जिला संयोजक प्रेम सिंह माली, कांग्रेस नेता भूपेंद्र भारद्वाज, अनिल शर्मा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

हिंडौन सिटी/ ग्रामीण। राजकीय महाविद्यालय में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सर्व धर्म प्रार्थना सभा हुई और कॉलेज के स्टूडेंट्स ने महात्मा गांधी की प्रिय भजन वैष्णव जन तो तैने कहिए सहित कई गीतों की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की संकाय सदस्य भोली मीना, डॉ. रितेश जैन, श्रीनिवास गुर्जर, राजकुमारी, उपमा कुमारी, मुकेश कुमार गोयल, अभिषेक डागुर, राजू सिंह, सहायक कर्मचारी छुट्टन लाल मीना, संदीप आर मौजूद रहे।

हिंडौन सिटी के गवर्मेंट सीनियर स्कूल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर उपखंड अधिकारी अनूप सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रतिमा शर्मा ने की।

हिंडौन ग्रामीण। क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघान, सनेट, मोणा, लिलौटी, बझेड़ा, रतनजिला, गांवड़ा मीणा, टोडूपुरा, रीठौली, खेड़ा जमालपुर, फुलवाड़ा, झारेडा, मंडावरा, करसौली, खीपकापुरा, खरैटा, क्यारदा, राजकीय माध्यमिक विद्यालय मिल्कीपुरा, जटनंगला में भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।

### विद्यार्थियों ने गांधीजी के प्रिय भजन की प्रस्तुति दी

लिलौटी | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य परशुराम मीणा और राकेश मीणा ने गांधीजी-शास्त्रीजी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने गांधीजी के प्रिय भजन की प्रस्तुति दी। इस दौरान सिंघान स्कूल से आनंद प्रकाश, बलबीर, चेतन दत्तात्रेय, हुकुम सिंह, कासिम खान, संजय गर्ग, मनोज गोपाल, लिलौटी स्कूल से परशुराम राम, रामावतार, राकेश, धन सिंह, मुनेशी, दीपक, गौरव सामरिया, सत्य